तीन नई कोयला खदानों की शुरुआत

प्रीलिम्स के लिये:

संवाद एप, डब्ल्यूसीएल आई, मिशन 100 डेज़

मेन्स के लिये:

कोयला उत्पादन में वृद्धि एवं निगरानी से संबंधित तथ्य

चर्चा में क्यों?

कोल इंडिया लिमिटेड (Coal India Limited- CIL) की सहायक कंपनी 'वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड' (Western Coalfields Ltd- WCL) ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में 3 नई कोयला खदानों की शुरुआत की है।

प्रमुख बिंदु:

- गौरतलब है कि 'वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड' द्वारा 'संवाद' (SAMVAAD) नामक एक एप भी लॉन्च किया गया है।
- इसके साथ ही 'डब्ल्यूसीएल आई' (WCL EYE) और 'मिशन 100 डेज़' (Mission 100 Days) की भी शुरुआत की गई है।
- 'वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड' द्वारा शुरू की गईं इन खदानों की संयुक्त वार्षिक उत्पादन क्षमता 2.9 MT (मिलियन टन) होगी।
- 'वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड' कंपनी इन खदानों पर कुल 849 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय करेगी जिससे 647 लोगों को प्रत्यक्ष रोज़गार के अवसर उपलब्ध होंगे।
- उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 तक 'वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड' ने 20 नई परियोजनाओं को शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिनमें से 14 परियोजनाएँ महाराष्ट्र और 6 परियोजनाएँ मध्य प्रदेश में शुरू की जाएंगी।
- इन परियोजनाओं पर कुल 12753 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय किया जाएगा जिससे 14000 से भी अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोज़गार के अवसर उपलब्ध होंगे।
- 'वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड' द्वारा इन नए कोयला खदानों की शुरुआत 20 नई परियोजनाओं का हिस्सा हैं।
- गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 में 'वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड' ने 57.64 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया था, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 8% से भी अधिक की वृद्धि को दर्शाता है।

नए कोयला खदान:

1. अदसा खदान (महाराष्ट्र के नागपुर क्षेत्र में), जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 1.5 मिलियन टन होगी।
2. शारदा भूमिगत खदान (मध्य प्रदेश के कन्हान क्षेत्र में), जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 0.4 मिलियन टन होगी।
3. धनकसा भूमिगत खदान (मध्य प्रदेश के पेंच क्षेत्र में), जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 1 मिलियन टन होगी।

उद्देश्य:

- वित्तीय वर्ष 2023-24 तक 'वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड' द्वारा 75 MT (मिलियन टन) कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य है।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 तक 'कोल इंडिया लिमिटेड' द्वारा 1 बिलियन टन उत्पादन करने का लक्ष्य है।

संवाद एप (SAMVAAD App):

- 'संवाद' एप कर्मचारियों और हितधारकों के लिये एक मोबाइल और डेस्कटॉप एप है, जो सुझाव/प्रतिक्रिया/अनुभव साझा करने के लिये एक आभासी या वर्चुअल प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा।
- त्वरित प्रतिक्रिया टीमें 7 दिनों की निर्धारित अवधि में प्रश्नों और फीडबैक का जवाब देंगी।

डब्ल्यूसीएल आई (WCL EYE):

- ‘डब्ल्यूसीएल आई’ एक निगरानी प्रणाली है जिसके माध्यम से ‘वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड’ की 15 प्रमुख खदानों के परिचालन की चौबीसों घंटे निगरानी की जाएगी।
- 15 प्रमुख खदानों की हिस्सेदारी ‘वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड’ के कुल कोयला उत्पादन में 70% है।
- ‘डब्ल्यूसीएल आई’ कोल स्टॉक की निगरानी और कार्यस्थल पर कोयले की उपलब्धता एवं रेलवे के पास कोयले की रैक और लोडिंग की निगरानी तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने में भी मदद करेगी।

मिशन 100 डेज़ (Mission 100 Days):

- वित्तीय वर्ष 2020-21 में ‘वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड’ ने 62 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु ‘मिशन 100 डेज़’ के नाम से एक रोडमैप लॉन्च किया है।
- ‘मिशन 100 डेज़’ कंपनी के मध्यमकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगा।

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (Western Coalfields Ltd- WCL)
▪ ‘वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड’ ‘कोल इंडिया लिमिटेड’ की आठ सहायक कंपनियों में से एक है। यह कंपनी कोयला मंत्रालय (Ministry of Coal) के प्रशासनिक नियंत्रण में है । ▪ ‘वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड’ कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित है। इसका पंजीकृत कार्यालय नागपुर में स्थित है। ▪ मार्च 2007 में ‘वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड’ को ‘मिनीरत्न’ (Miniratna) का दर्जा प्रदान किया गया था।

स्रोत: पीआईबी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/coal-india-subsidiary-western-coalfields-opens-3-new-coal-mines